भारत निर्वाचन आयोग

दूरभाष संख्या: 011-23052246
फैक्स : 011-23052001
वेबसाइट: www.eci.gov.in
निर्वाचन सदन,
अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

सं. ईसीआई/प्रेस नोट/64/2020
दिनांक: 26 फरवरी, 2020

प्रेस नोट

विषय: असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधान सभाओं के साधारण निर्वाचन, 2020 - तत्संबंधी।

असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधान सभाओं का कार्यकाल निम्नलिखित तारीखों को समाप्त हो रहा है। विधान सभाओं के कार्यकाल और सदस्य संख्या के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र का नाम	विधान सभा का कार्यकाल	विधान सभा सीटों की संख्या
असम	**01.06.2016 से 31.05.2021**	**126**
तमिलनाडु	**25.05.2016 से 24.05.2021**	**234**
पश्चिम बंगाल	**31.05.2016 से 30.05.2021**	**294**
केरल	**02.06.2016 से 01.06.2021**	**140**
पुडुचेरी	**09.06.2016 से 08.06.2021**	**30**

भारत निर्वाचन आयोग (इसमें इसके बाद ईसीआई के रूप में संदर्भित) भारत के संविधान के अनुच्छेद 172(1) के साथ पठित अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 15 के तहत प्रदत्त प्राधिकार और शक्तियों का प्रयोग करते हुए असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधान सभाओं के कार्यकाल समाप्त होने से पहले उनका स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, सुगम, समावेशी और सुरक्षित निर्वाचन संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

1. विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र

असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र में विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों की कुल संख्या और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या, जैसाकि संसदीय और विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों के परिसीमन आदेश, 2008 द्वारा निर्धारित की गई है, निम्नानुसार है:

राज्य	विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों की कुल सं.	अ. जा. के लिए आरक्षित	अ.ज.जा. के लिए आरक्षित
असम*	126	08	16
तमिलनाडु	234	44	02
पश्चिम बंगाल	294	68	16
केरल	140	14	02
पुडुचेरी	30	05	--

(*असम में विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों के प्रादेशिक निर्धारण संसदीय और विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों के परिसीमन आदेश**,** 1976 के अनुसार किए गए हैं**)**

2. सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रियाओं के दौरान सभी व्यक्तियों के लिए कोविड-सुरक्षित निर्वाचन हेतु पालन किए जाने वाले सामान्य दिशानिर्देश-

1) हरेक व्यक्ति को निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि के दौरान फेस मास्क पहनना होगा।
2) निर्वाचन प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने वाले हॉल/कमरे/परिसर के प्रवेश पर: (क) सभी व्यक्तियों की थर्मल स्कैनिंग की जाएगी; (ख) सभी लोकेशनों पर सैनिटाइजर उपलब्ध कराए जाएंगे।
3) राज्य सरकार और गृह मंत्रालय के मौजूदा कोविड-19 दिशानिर्देशों के अनुसार सामाजिक दूरी बनाई रखी जाएगी।
4) जहाँ तक व्यावहारिक हो, बड़े हॉलों की पहचान की जानी चाहिए और उनका उपयोग किया जाना चाहिए ताकि सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।
5) कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों की आवाजाही के लिए पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था की जाएगी।

3. कोविड-19 के दौरान साधारण निर्वाचन के संचालन के दौरान पालन किए जाने वाले सामान्य दिशानिर्देश-

कोविड-19 के प्रसार को देखते हुए आयोग ने 21 अगस्त, 2020 को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए थे जिनका बिहार विधान सभा के साधारण निर्वाचन के दौरान पालन किया गया। अब, यह निश्चित किया गया है कि इन दिशानिर्देशों का 5 राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्र में साधारण निर्वाचन के संचालन के दौरान पालन किया जाएगा जो इसके साथ **अनुबंध-2** के रूप में संलग्न हैं। कुछ महत्वपूर्ण मुख्य बातों के लिए नीचे दिए गए पैरा 5, 6, 8 & 10 देखे जा सकते हैं।

राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निदेश दिया गया है कि वे साधारण निर्वाचनों का संचालन करने के लिए राज्य में कोविड-19 के लिए नोडल अधिकारी के साथ परामर्श करके व्यवस्था करने और निवारक उपायों से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए एक व्यापक राज्य निर्वाचन

योजना बनाएं।

4. निर्वाचक नामावली -

आयोग का दृढ़ विश्वास है कि शुद्ध और अद्यतन निर्वाचक नामावलियां स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय निर्वाचन की आधारशिला है। इसलिए, उनकी गुणवत्ता, विशुद्धता और विश्वसनीयता में सुधार करने पर गहन और निरंतर ध्यान दिया जाता है। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी की निर्वाचन मशीनरी को निदेश दिया था कि 01.01.2021 की अर्हक तिथि के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का सहज, प्रभावी, समावेशी और समयबद्ध विशेष सार पुनरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। तदनुसार, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन पश्चिम बंगाल में **15.01.2021** को, असम में **18.01.2021** को और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में **20.01.2021** को किया गया है।

01.01.2021 की अर्हक तिथि के संदर्भ में, अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों के संबंध में विहित प्ररूप यानि प्ररूप 1घ एसएसआर-2021-01 & 02 में प्राप्त निर्वाचक नामावली आंकड़ों के अनुसार असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र में निर्वाचकों की संख्या निम्नानुसार है:

राज्य	साधारण निर्वाचकों की संख्या	सेवा मतदाताओं की संख्या	प्रवासी निर्वाचक	निर्वाचक नामावलियों के अनुसार निर्वाचकों की कुल संख्या
असम*	2,31,82,309	62,134	11	**2,32,44,454**
तमिलनाडु	6,27,47,653	72,853	3,243	**6,28,23,749**
पश्चिम बंगाल	7,32,94,980	1,12,642	210	**7,34,07,832**
केरल	2,66,40,800	56,759	90,709	**2,67,88,268**
पुडुचेरी	10,01,934	303	352	**10,02,589**

1) <u>फोटो निर्वाचक नामावली और निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक):</u>

असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के साधारण निर्वाचन के दौरान फोटो निर्वाचक नामावलियों और निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) का उपयोग किया जाएगा।

2) <u>मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस)</u>

मतदाता अपने मतदान केन्द्र की निर्वाचक नामावली की क्रम संख्या, मतदान की तारीख, समय आदि जान सकें, इन सब बातों के लिए आयोग ने दिनांक 26.02.2021 के आदेश द्वारा मतदाताओं को फोटो मतदाता पर्ची के स्थान पर 'मतदाता सूचना पर्ची' जारी करने का निर्णय लिया है। मतदाता सूचना पर्ची में मतदान केन्द्र, तारीख, समय आदि जैसी सूचना सम्मिलित होगी, न कि मतदाता का फोटो। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नामांकित निर्वाचकों को मतदान की तारीख से कम से कम 5 दिन पहले मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जाएगी। हालांकि, मतदाताओं की

पहचान के प्रमाण के रूप में मतदाता सूचना पर्ची को अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यह स्मरण दिलाया जाता है कि आयोग ने 28 फरवरी, 2019 से पहचान के प्रमाण के रूप में फोटो मतदाता पर्चियों को अनुमति देना बंद कर दिया है।

3) मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की पहचान -

मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान के लिए मतदाता, एपिक या आयोग द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे:

(i) आधार कार्ड
(ii) मनरेगा जॉब कार्ड
(iii) बैंक/डाक घर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक
(iv) श्रम मंत्रालय की स्कीम के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
(v) ड्राइविंग लाइसेंस
(vi) पैन कार्ड
(vii) एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
(viii) भारतीय पासपोर्ट
(ix) फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
(x) केन्द्रीय/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
(xi) सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी अधिकारिक पहचान पत्र

4) ब्रेल मतदाता सूचना पर्चियां:

निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) की भागीदारी तथा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने निदेश दिया है कि दृष्टिदोष से ग्रस्त व्यक्तियों को सामान्य मतदाता सूचना पर्चियों के साथ ब्रेल विशिष्टताओं वाले अभिगम्य मतदाता सूचना पर्चियां जारी की जाएं।

5) मतदाता गाइड:

इन निर्वाचनों में, प्रत्येक निर्वाचक के घर-परिवार को निर्वाचनों से पहले मतदाता गाइड (हिंदी/अंग्रेजी में) सौंपी जाएगी जिसमें मतदान की तारीख एवं समय, बीएलओ के संपर्क विवरण, महत्वपूर्ण वेबसाइट, हेल्पलाइन नंबर, मतदान केन्द्र में पहचान के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ-साथ मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए क्या करें और क्या न करें, के बारे में सूचना दी जाएगी। यह मतदाता गाइड विवरणिका बीएलओ द्वारा फोटो मतदाता पर्चियों के साथ वितरित की जाएगी। मतदाता गाइड में कोविड दिशानिर्देश और मतदाता क्या करें और क्या न करें, के बारे में सूचना शामिल की जाएगी।

5. नाम-निर्देशन प्रक्रिया- नाम-निर्देशन दायर करने के बारे में संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

I. नाम-निर्देशन में ऑनलाइन विधि की सुविधा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त विकल्प

उपलब्ध कराए गए हैं:

1) नाम-निर्देशन प्ररूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। कोई भी इच्छुक अभ्यर्थी इसे ऑनलाइन भर सकता है और उसका प्रिंट रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए लिया जा सकता है जैसा कि प्ररूप-1 में निर्दिष्ट है। (निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 का नियम-3)
2) शपथ पत्र भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरा जा सकता है और उसका प्रिंट लेकर नोटरीकृत करने के बाद उसे रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नाम-निर्देशन प्ररूप के साथ जमा किया जा सकता है।
3) अभ्यर्थी निर्धारित प्लेटफार्म पर ऑनलाइन विधि के माध्यम से जमानत-राशि जमा कर सकते हैं। हालांकि, अभ्यर्थी के पास कोषागार में नकद रूप में जमा कराने का विकल्प बना रहेगा।
4) अभ्यर्थी के पास नाम-निर्देशन करने के प्रयोजन से अपना निर्वाचक प्रमाणन ऑनलाइन प्राप्त करने का विकल्प हो सकता है।

II. इसके अतिरिक्त, आयोग ने निम्नलिखित निदेश दिया है:

1) नाम-निर्देशन पत्र जमा करने के लिए अभ्यर्थी के साथ आने वाले व्यक्तियों की संख्या पांच (5) की बजाए दो (2) तक सीमित की जाती है। (यह रिटर्निंग ऑफिसर हैंडबुक 2019 के मौजूदा पैरा 5.8.1 के अधिक्रमण में है)
2) नाम-निर्देशन के प्रयोजनों के लिए वाहनों की संख्या तीन (3) की बजाए दो (2) तक सीमित की जाती है। (यह रिटर्निंग ऑफिसर हैंडबुक 2019 के मौजूदा पैरा 5.8.1 के अधिक्रमण में है)
3) रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन करते हुए नाम-निर्देशन, संवीक्षा और प्रतीक आबंटन के कार्य का निष्पादन करने के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।
4) रिटर्निंग अधिकारी को प्रत्याशित अभ्यर्थियों के लिए अग्रिम रूप से अलग-अलग समय आबंटित करना चाहिए।
5) अभ्यर्थी(र्थियों) की प्रतीक्षा करने के लिए बड़े स्थान की व्यवस्था की जानी चाहिए।
6) नाम-निर्देशन प्ररूप और शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के लिए उठाए जाने वाले सभी अपेक्षित कदम लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में निहित प्रावधानों के अनुसार जारी रहेंगे।

6. मतदान केंद्र और विशेष सुविधा -

1) <u>मतदान केन्द्र में निर्वाचकों की अधिकतम सं.</u>

एक मतदान केन्द्र में 1500 निर्वाचकों की बजाय अधिकतम 1000 निर्वाचक होंगे। (आयोग की अनुदेश सं. **<u>23/एसईसी/2020-ईआरएस, दिनांक 23 जुलाई, 2020</u>**)

तदनुसार, इन राज्यों में मतदान केंद्रों की संख्या निम्नलिखित के अनुसार परिवर्तित की गई

है:

राज्य का नाम	2016 में मतदान केंद्रों की संख्या	2021 में मतदान केंद्रों की संख्या	मतदान केंद्रों की संख्या में % वृद्धि
असम	24,890	33,530	34.71 %
तमिलनाडु	66,007	88,936	34.73 %
पश्चिम बंगाल	77,413	1,01,916	31.65 %
केरल	21,498	40,771	89.65 %
पुडुचेरी	930	1,559	67.63 %

2) मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ):

आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, और पुडुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए अनुदेश जारी किए हैं कि प्रत्येक मतदान केन्द्र अनिवार्यत: भूतल पर हों, मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी पहुंच सड़क हो और वह सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) जैसे पेय-जल, वेटिंग शेड, पानी की सुविधा के साथ टॉयलेट, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग निर्वाचकों के लिए उपयुक्त ढाल वाले रैम्प और एक मानक वोटिंग कम्पार्टमेंट आदि से युक्त हों। इसे कोविड प्रशमन सुविधाओं जैसे कि सैनिटाइजर्स, थर्मल स्कैनर, साबुन आदि से आगे और सम्पूरित किया जाएगा।

3) मतदान केन्द्र व्यवस्थाएं

कोविड-19 परिस्थिति को देखते हुए, आयोग ने प्रत्येक मतदान केन्द्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं के लिए विस्तृत अनुदेश जारी किए हैं, जिन्हें ऊपर पैरा 2 में उल्लिखित किया गया है। इनके अतिरिक्त, उनमें निम्नलिखित सुविधाएं शामिल होंगी:

1) मतदान केंद्र को अनिवार्य रूप से सैनिटाइज किया जाना, अधिमानत:, मतदान से एक दिन पहले।
2) मतदान केंद्र स्थान/मतदान केन्द्र के प्रवेश बिंदु पर मतदाताओं की थर्मल जांच, या तो मतदान कर्मचारी द्वारा या पैरा मेडिकल स्टाफ या आशा कार्यकर्ता द्वारा की जानी है।
3) यदि पहली रीडिंग पर तापमान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नियत मानदंडों से अधिक है, तो उसकी दोबारा जांच की जाएगी और यदि वह यथावत बना रहता है, तो निर्वाचक को टोकन/प्रमाण पत्र दिया जाएगा और उसे <u>मतदान के अंतिम घंटे में</u> मतदान हेतु आने के लिए कहा जाएगा। मतदान के अंतिम घंटे में, ऐसे निर्वाचकों से, कोविड-19 संबंधित निवारक उपायों का कड़ाई से पालन करने के बाद, मतदान करवाया जाएगा।

4) पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मतदाताओं को टोकन वितरण के लिए हेल्प डेस्क ताकि उन्हें कतार में इंतजार न करना पड़े।

5) कतार के लिए सामाजिक दूरी प्रदर्शित करने के लिए मार्कर।

6) स्थान की उपलब्धता के आधार पर कतार में खड़े मतदाताओं के लिए 2 गज (6 फीट) की दूरी पर 15-20 व्यक्तियों के लिए वृत्त चिह्नित करना। पुरुष, महिला और दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं में से प्रत्येक के लिए तीन कतारें होंगी।

7) सामाजिक दूरी के मानदंडों का सख्ती से अनुवीक्षण एवं विनियमन करने के लिए बीएलओ, स्वयंसेवकों आदि को परिनियोजित किया जा सकता है।

8) मतदान केंद्र परिसर के भीतर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग छांव-युक्त प्रतीक्षा-क्षेत्रों की व्यवस्था (कुर्सियों, दरी आदि के साथ) की जाएगी ताकि मतदाता सुरक्षा चिंताओं के बिना मतदान में भाग ले सकें।

9) जहां भी संभव हो, मतदान केंद्र पर बूथ एप का इस्तेमाल किया जाएगा।

10) उन निर्वाचकों के लिए रिजर्व में फेस मॉस्क रखे जाएंगे जो मॉस्क पहनकर नहीं आएंगे।

11) कोविड-19 पर दृष्टिगोचर स्थानों पर जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए जाने चाहिए।

12) यदि मतदान एजेंट या मतगणना एजेंट का तापमान विहित सीमा से अधिक है, तो पीठासीन अधिकारी द्वारा उनके रिलीवर को अनुमति दी जाएगी, जो तदनुसार रिकॉर्ड रखेंगे।

13) मतदाता की पहचान की प्रक्रिया के दौरान, मतदाताओं के लिए अपेक्षित होगा कि वह आवश्यकता पड़ने पर पहचान के लिए फेसमास्क को नीचे करे।

14) मतदाता को मतदाता रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने और मतदान के लिए ईवीएम का बटन दबाने के लिए हस्त-दस्ताने (हैंड ग्लव्स) उपलब्ध कराए जाएंगे।

15) कोविड-19 मरीजों को, जिन्हें संगरोध किया गया है, कोविड-19 संबंधित निवारक उपायों का सख्ती से पालन करते हुए स्वास्थ्य प्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर मतदान दिवस के अंतिम घंटे में अपना मत डालने की अनुमति दी जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने आवंटित मतदान केंद्रों में इसका समन्वय करेंगे। पीठासीन अधिकारी द्वारा ऐसे निर्वाचकों का अभिलेख बनाए रखा जाएगा।

16) उन मतदाताओं के मामले में, जो कन्टेन्मेंट जोन के रूप में अधिसूचित क्षेत्र में निवास कर रहे हैं, अलग से दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे।

17) प्रत्येक मतदान केन्द्र में बेकार/प्रयुक्त ग्लव्स के संग्रहण और निपटान की उचित व्यवस्था की जाएगी।

4) दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं:

असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में सभी मतदान केंद्र भूतल पर स्थित किए गए हैं और व्हील चेयर का उपयोग करने वाले नि:शक्त निर्वाचकों की सुविधा के लिए उचित ढलान वाले मजबूत रैम्प का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा, नि:शक्त मतदाताओं को लक्षित और आवश्यकता आधारित सुविधा प्रदान करने के लिए आयोग ने निदेश जारी किए हैं कि विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों की पहचान की जाए और उन्हें उनके संबंधित मतदान केंद्र के साथ टैग किया जाए तथा मतदान के दिन उनको सहज और सुविधाजनक मतदान अनुभव कराने के लिए निशक्तता-विशिष्ट आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। अभिज्ञात पीडब्ल्यूडी निर्वाचकों को

आरओ/डीईओ द्वारा नियुक्त स्वयंसेवकों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, यह निदेश भी दिया गया है कि मतदान केंद्र में प्रवेश हेतु नि:शक्त निर्वाचकों को प्राथमिकता दी जाए, मतदान परिसर के प्रवेश के निकट उनके लिए निर्दिष्ट पार्किंग स्थान की व्यवस्था की जाए और वाक् एवं श्रवण विकार से ग्रस्त निर्वाचकों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। नि:शक्त निर्वाचकों की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। दिव्यांग निर्वाचक, गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध पीडब्ल्यूडी मोबाइल एप का उपयोग करके व्हीलचेयर सुविधा के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निदेश दिया है कि मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केंद्र पर दिव्यांग निर्वाचकों के लिए उचित परिवहन सुविधा होनी चाहिए। प्रत्येक दिव्यांग निर्वाचक को मतदान के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर फ्री पास दिया जाएगा।

5) मतदाता सुविधा पोस्टर:

निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 31 के अंतर्गत सांविधिक अपेक्षाओं को पूरा करने तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता जागरूकता एवं सूचना के लिए सटीक एवं सुसंगत सूचना प्रदान करने के लिए आयोग ने यह निदेश भी दिया है कि मतदाताओं को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने तथा उन्हें जागरूक बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर एकसमान और मानकीकृत मतदाता सुविधा पोस्टर (वीएफपी) (कुल मिलाकर चार (4) पोस्टर) प्रदर्शित किए जाएंगे। आयोग ने निदेश दिया है कि ये चार मतदाता सुविधा पोस्टर (वीएफपी) मतदान वाले राज्य में प्रत्येक मतदान बूथ पर प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, मुख्य निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदाताओं की जागरूकता के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं के लिए कोविड-19 संबंधी सुरक्षा उपाय प्रदर्शित किए जाएं।

6) मतदाता सहायता बूथ (वीएबी):

प्रत्येक मतदान केंद्र स्थान के लिए मतदाता सहायता बूथ स्थापित किए जाएंगे जिनमें बीएलओ/अधिकारियों का एक दल होगा जिसका उद्देश्य मतदाता से संबंधित मतदान बूथ की निर्वाचक नामावली में उसकी मतदान बूथ संख्या और क्रम संख्या का पता लगाने में उसकी सहायता करना है। मतदाता सहायता बूथों (वीएबी) को सुस्पष्ट पहचान सूचक के साथ और इस तरीके से स्थापित किया जाएगा कि वह मतदाताओं के मतदान परिसर/भवन की ओर बढ़ने पर आसानी से उनकी नजर में आ सके जिससे वे मतदान के दिन अपेक्षित सुविधा प्राप्त करने में सक्षम हो सकें।
आसानी से नाम खोजने और निर्वाचक नामावली में क्रम संख्या जानने के लिए मतदाता सहायता बूथ पर ईआरओ नेट के साथ सृजित वर्णक्रम (अल्फाबेटिक) लोकेटर रखा जाता है।

7) मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए मानकीकृत वोटिंग कंपार्टमेंट:

मतदान के समय, मत की गोपनीयता बनाए रखने तथा वोटिंग कंपार्टमेंट के उपयोग में एकरूपता लाने के लिए आयोग ने वोटिंग कंपार्टमेंट की ऊँचाई को 30 इंच तक बढ़ाने के लिए 15 नवंबर, 2016 को संशोधित अनुदेश जारी किए हैं। यह निदेश भी दिए गए हैं कि वोटिंग कंपार्टमेंट

एक टेबल पर रखा जाएगा जिसकी ऊंचाई 30 इंच होगी। वोटिंग कंपार्टमेंट बनाने के लिए स्टील ग्रे रंग का पूर्णत: अपारदर्शी और पुन: प्रयोज्य केवल लहरदार (कोरूगेटेड) प्लास्टिक शीट (फ्लेक्स बोर्ड) का प्रयोग किया जाएगा। आयोग उम्मीद करता है कि सभी मतदान बूथों में इन मानकीकृत और एकसमान वोटिंग कंपार्टमेंट का उपयोग करने से मतदाताओं को अधिकाधिक सुविधा मिलेगी, मत की पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित होगी और मतदान बूथों के भीतर वोटिंग कंपार्टमेंट तैयार करने में असामान्यताएं और असमानताएं दूर होंगी।

7. निर्वाचन सामग्री का वितरण और संग्रहण -

1) निर्वाचन सामग्री के वितरण/संग्रहण के लिए बड़े हॉल/स्थानों की पहचान की जानी चाहिए।
2) जहाँ तक व्यावहारिक हो, यह कार्य विकेंद्रीकृत तरीके से संचालित किया जाना चाहिए।
3) निर्वाचन सामग्री के वितरण/संग्रहण हेतु पोलिंग टीमों को पहले से ही अलग-अलग समय आवंटित करना चाहिए।

8. मतगणना - कोविड-19 को देखते हुए आयोग ने निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किए हैं:-

1) स्ट्रांग रूम को मतदान में प्रयुक्त ईवीएम के भंडारण से पहले सैनिटाइज किया जाएगा।
2) प्रत्येक कार्यकलाप के लिए सामाजिक दूरी और अन्य सेफ्टी मानदंडों का पालन किया जाएगा।
3) मतगणना हॉल में 14 मतगणना मेजों की बजाय 7 से अधिक मतगणना मेजों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसलिए, किसी निर्वाचन क्षेत्र के मतों की गणना अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को नियुक्त करके 3-4 हॉल में करने पर विचार किया जा सकता है। (अनुदेश दिनांक 30 अप्रैल, 2014 के अधिक्रमण में)
4) सीयू/वीवीपैट को ले जाने वाले केस, मतगणना मेज पर रखने से पहले सैनिटाइज किए जाने चाहिए।
5) कंट्रोल यूनिटों से परिणाम का प्रदर्शन बड़े स्क्रीन पर किया जाए ताकि बड़ी संख्या में मतगणना एजेंटों के एकत्रित होने से बचा जा सके।
6) मतगणना केंद्रों को मतगणना के पहले, मतगणना के दौरान और बाद में विसंक्रमित किया जाएगा।
7) डाक मतपत्रों की गणना के लिए, अतिरिक्त संख्या में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की आवश्यकता पड़ सकती है। यदि आवश्यक हो, तो डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पर्यवेक्षण में एक अलग हॉल में भी की जा सकती है।

9. राजनैतिक दलों/निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-अभियान -

1) घर-घर जाकर प्रचार-अभियान चलाना - किसी भी अन्य प्रतिबंध(धों), जिनमें मौजूदा कोविड-19 दिशानिर्देश शामिल हैं, के अधीन अभ्यर्थी सहित 5 (पांच) व्यक्तियों के

एक समूह को, जिनमें सुरक्षा कर्मी, यदि कोई हों, शामिल नहीं हैं, घर-घर जाकर प्रचार करने की अनुमति है।

2) **रोड शो** - वाहनों के काफिले का 10 वाहनों (सुरक्षा वाहनों, यदि कोई हो, को छोड़कर) की बजाय प्रत्येक 5 (पांच) वाहनों के बाद क्रमभंग किया जाना चाहिए। वाहनों के काफिले के दो समूहों के बीच का अंतराल 100 मीटर की दूरी की बजाय आधा घंटा होना चाहिए। (रिटर्निंग आफिसर हैंडबुक 2019 के पैरा 5.8.1 के अधिक्रमण में)

3) **चुनावी बैठकें -** जन सभाओं/रैलियों का आयोजन मौजूदा कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करने की शर्त के अधीन किया जाए। इस प्रयोजन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए:

(क) जिला निर्वाचन अधिकारी को, स्पष्ट रूप से चिह्नित प्रवेश/निकास बिंदुओं के साथ सार्वजनिक सभा के लिए आशयित मैदानों की अग्रिम रूप से पहचान करनी चाहिए।

(ख) ऐसे सभी चिह्नित मैदानों में जिला निर्वाचन अधिकारी को अग्रिम रूप से मार्कर लगाना चाहिए ताकि उपस्थित लोग सामाजिक दूरी का सुनिश्चित रूप से पालन करें।

(ग) नोडल जिला स्वास्थ्य अधिकारी को इस प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोविड-19 संबंधी सभी दिशानिर्देशों का जिले के सभी संबंधितों द्वारा पालन किया जाए।

(घ) जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भाग लेने वाले लोगों की संख्या <u>सार्वजनिक बैठकों के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक न हो।</u>

(ङ) जिला निर्वाचन अधिकारी को इस बात का निरीक्षण करने के लिए सेक्टर हेल्थ रेगुलेटर को प्रतिनियुक्त करना चाहिए कि इन बैठकों के दौरान कोविड-19 अनुदेशों/दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

(च) संबंधित राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गतिविधि के दौरान फेस मास्क, सैनिटाइजर, थर्मल स्कैनिंग आदि जैसी कोविड-19 संबंधित सभी अपेक्षाओं की पूर्ति की जाए।

(छ) सार्वजनिक स्थानों का आबंटन सुविधा एप का उपयोग करते हुए ही उस तरीके से किया जाना चाहिए जैसा आयोग द्वारा पहले ही निर्धारित किया जा चुका है।

(ज) अनुदेशों का पालन न करना - *कोविड-19 उपायों पर अनुदेशों का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई, और यथा-अनुप्रयोज्य अन्य कानूनी प्रावधानों, जैसा कि गृह मंत्रालय के आदेश सं. 40-3/2020 -डीएम-I(ए) दिनांक 29 जुलाई, 2020 में यथा-निर्दिष्ट है, के अतिरिक्त आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 से 60 के प्रावधानों के अनुसार अभियोग का भागी बनेगा।*

जिला निर्वाचन अधिकारी को इसे सभी संबंधितों के संज्ञान में लाना चाहिए।

10. कोविड-19 को देखते हुए दिव्यांग मतदाताओं और 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई पहल:

1) डाक मतपत्र

निम्नलिखित श्रेणियों के निर्वाचकों के लिए डाक मतपत्र की सुविधा का विकल्प दिया गया है:

(1) निर्वाचकगण, जो दिव्यांगजन के रूप में चिह्नित हैं

(2) 80 वर्ष से अधिक आयु के निर्वाचक

(3) अधिसूचित आवश्यक सेवाओं में नियोजित निर्वाचक

(4) ऐसे निर्वाचक जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा-प्रमाणित कोविड-19 पॉजिटिव/संदिग्ध हैं और संगरोध (घर/संस्थानिक) हैं।

(5) विधि और न्याय मंत्रालय की दिनांक 22.10.2019 की अधिसूचना द्वारा 'अनुपस्थित मतदाताओं' को डाक मतपत्र द्वारा मत देने में समर्थ बनाने के लिए आयोग की सिफारिश पर निर्वाचनों के संचालन नियमों को संशोधित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60 (ग) के अंतर्गत आयोग द्वारा यथा अधिसूचित मतदान केंद्रों में ड्यूटी पर तैनात निर्वाचक, 80 वर्ष से अधिक आयु के निर्वाचक और निर्वाचक नामावली में दिव्यांगजनों के रूप में चिह्नित निर्वाचकों को डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मतदान करने का विकल्प होगा।

(6) उपर्युक्त श्रेणियों के ऐसे सभी मतदाता यदि मतदान के लिए डाक मतपत्र के विकल्प का उपयोग करना चाहते हैं तो उनको अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन की घोषणा के 5 दिनों के भीतर डाक मतपत्र के लिए आवेदन करना होगा।

(7) सभी पात्र निर्वाचकों को बीएलओ द्वारा आवेदन प्ररूप दिया जाएगा जिसके बाद वे निर्वाचक की पसंद - कि क्या वह डाक मतपत्र चाहता है या वह मतदान केंद्र में जाकर मतदान करना चाहता है, के साथ भरा हुआ प्ररूप एकत्र करेंगे। 1 वीडियोग्राफर सहित 2 मतदान अधिकारियों वाला मतदान दल तब मतदान कंपार्टमेंट के साथ निर्वाचक के घर जाएगा और मत की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हुए डाक मत पत्र पर निर्वाचक से मतदान करवाएगा। अभ्यर्थियों को इन निर्वाचकों की सूची अग्रिम तौर पर दी जाएगी और उनको मतदान का कार्यक्रम और मतदान दल द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग का चार्ट भी भेजा जाएगा ताकि वे अपने प्रतिनिधियों को साक्षी बनने के लिए भेज सके, तदुपरांत रिटर्निंग अधिकारी द्वारा डाक मतपत्र को सुरक्षित ढंग से स्टोर किया जाएगा।

(8) यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है और इसमें किसी डाक विभाग की पत्र प्रेषण जैसी कोई व्यवस्था शामिल नहीं है।

(9) आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निदेश दिया है कि वे मतदाताओं की उक्त श्रेणियों तक सूचना का प्रसार करने और उनको सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

(10) अनुपस्थित मतदाता स्टेटस की यह सुविधा देश में पहली बार झारखंड में कुल 7 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के दिव्यांगजनों और 80+ मतदाताओं को प्रदान की गई

थी और यह सुविधा बिहार में सभी 243 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में भी लागू की गई थी।

11. महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्र-

लैंगिक समानता और निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की रचनात्मक भागीदारी को बढ़ाने के प्रति अपनी गहन प्रतिबद्धता के भाग के रूप में आयोग ने यह निदेश भी दिया है कि जहां तक संभव हो, 5 राज्यों यथा असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में केवल महिलाओं द्वारा संचालित कम से कम एक मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। ऐसे स्टेशनों में पुलिस और सुरक्षा कर्मियों सहित सभी निर्वाचन स्टॉफ महिलाएं होंगी।

12. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट):

(1) <u>इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट)</u>

आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधान सभाओं के साधारण निर्वाचन में प्रत्येक मतदान केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल का उपयोग करने का निर्णय लिया है क्योंकि वीवीपैट से मतदाता अपना मत सत्यापित कर पाते हैं। आयोग ने निर्वाचनों के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में ईवीएम और वीवीपैट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पहले ही व्यवस्थाएं कर दी हैं।

विधान सभाओं के साधारण निर्वाचन के लिए ईवीएम और वीवीपैट की तैनाती				
क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**बी.यू.**	**सी.यू.**	**वीवीपैट**
1	असम	0.46	0.48	0.48
2	तमिलनाडु	1.55	1.18	1.27
3	पश्चिम बंगाल	1.40	1.40	1.50
4	केरल	0.52	0.52	0.56
5	पुदुचेरी	0.02	0.02	0.02

(2) <u>ईवीएम और वीवीपैट का यादृच्छिकीकरण</u>

किसी भी निश्चित आवंटन की संभावना समाप्त करने के लिए ईवीएम/वीवीपैट का किसी विधान सभा के लिए और तत्पश्चात किसी मतदान बूथ के लिए आबंटन करते समय दो बार 'ईवीएम प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस)' का उपयोग करके यादृच्छिकीकरण किया जाता है।

(3) <u>ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग</u>

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप दिए जाने के उपरांत, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग (अभ्यर्थी सेटिंग) की जाती है। ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग (अभ्यर्थी सेटिंग) के उपरांत प्रत्येक ईवीएम और वीवीपैट में नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी को एक मत देकर छद्म मतदान किया जाता है। इसके

अलावा, यादृच्छिक रूप से चयनित 5% ईवीएम के साथ-साथ वीवीपैट में 1000 मतों का छद्म मतदान (मॉक पोल) किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक परिणाम का पेपर गणना के साथ मिलान किया जाता है।

(4) <u>मतदान के दिन छद्म मतदान:</u>

(i) मतदान वाले दिन, वास्तविक मतदान के प्रारंभ होने से 90 मिनट पहले प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में कम से कम 50 मत डालकर छद्म मतदान आयोजित किया जाता है और कंट्रोल यूनिट के इलेक्ट्रॉनिक परिणाम एवं वीवीपैट पर्चियों की गणना का मिलान करके उन्हें दिखाया जाता है। पीठासीन अधिकारियों द्वारा पीठासीन अधिकारी की डायरी में छद्म मतदान के सफल संचालन का एक प्रमाणपत्र बनाया जाएगा।

(ii) छद्म मतदान होने के तुरंत बाद, कंट्रोल यूनिट (सी.यू.) पर क्लियर बटन को दबाया जाता है जिससे छद्म मतदान का डाटा क्लियर हो जाए और इस तथ्य को उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं को प्रदर्शित किया जाता है कि कंट्रोल यूनिट में कोई वोट रिकार्ड नहीं है। पीठासीन अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मतदान आरंभ होने से पहले सभी छद्म मतदान पर्चियों को वीवीपैट से बाहर निकाला जाए और उन्हें एक अलग चिह्नित लिफाफे में रख दिया जाए।

(iii) छद्म मतदान के बाद, वास्तविक मतदान शुरू करने से पहले ईवीएम और वीवीपैट को मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सील किया जाता है और सील पर मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लिए जाते हैं।

(5) <u>मतदान का दिन और स्ट्रांग रूम में मतदान में प्रयुक्त ईवीएम और वीवीपैट का भंडारण</u>

(i) मतदान के दिन, डाले गए कुल मतों, सील (विशिष्ट नंबर), मतदान केंद्रों में प्रयुक्त ईवीएम और वीवीपैट के विवरण वाले प्ररूप 17ग की एक प्रति अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ताओं को प्रदान की जाएगी।

(ii) मतदान समाप्त होने के बाद, ईवीएम और वीवीपैट मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में उनके संबंधित कैरेईंग केसों में सीलबंद की जाती हैं और सील पर मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लिए जाते हैं।

(iii) मतदान में प्रयुक्त ईवीएम और वीवीपैट अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के तहत डबल लॉक सिस्टम में स्ट्रांग रूम में अनुरक्षा के साथ वापस ले जाई जाती हैं।

(iv) अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम के सामने ठहर भी सकते हैं। इन स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी सुविधा सहित कई स्तरों में 24X7 पहरेदारी की जाती है।

(6) <u>मतगणना केंद्रों पर मतों की गणना</u>

(i) मतगणना के दिन वीडियोग्राफी के अधीन अभ्यर्थियों, आरओ और प्रेक्षक की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाता है।

(ii) मतयुक्त ईवीएम सीसीटीवी कवरेज में सुरक्षा के अधीन और अभ्यर्थियों/उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना केंद्रों तक ले जाई जाती हैं।

(iii) सीसीटीवी की निरंतर निगरानी के तहत राउंड वार सीयू स्ट्रांग रूम से मतगणना टेबलों पर लाई जाती हैं।

(iv) मतगणना के दिन, कंट्रोल यूनिट से परिणाम प्राप्त करने से पहले अभ्यर्थियों द्वारा तैनात किए गए मतगणना अभिकर्ताओं के समक्ष सील का सत्यापन किया जाता है और सीयू की विशिष्ट क्रम संख्याओं का मिलान किया जाता है।

(v) मतगणना के दिन मतगणना अभिकर्ता सीयू पर प्रदर्शित डाले गए मतों का प्ररूप 17सी पर दर्ज विवरण के साथ सत्यापन कर सकते हैं। प्ररूप 17सी के भाग ।। में अभ्यर्थी-वार पड़े मतों को अभिलिखित किया जाता है और उस पर मतगणना अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर प्राप्त किए जाते हैं।

(vi) निर्वाचन याचिका अवधि के पूर्ण होने तक ईवीएम और वीवीपैट को अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में वापस स्टोर किया जाता है।

(7) <u>वीवीपैट पेपर पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन</u>

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 08 अप्रैल, 2019 के आदेश के अनुसरण में आयोग ने यह अधिदेश भी दिया है कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधान सभाओं के प्रत्येक निर्वाचन-क्षेत्र में यादृच्छिक रूप से चयनित पांच (5) मतदान केन्द्रों की वीवीपैट पर्ची गणना सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति में **ड्रा ऑफ लॉट** के माध्यम से की जाएगी ताकि कंट्रोल यूनिट से प्राप्त परिणाम का सत्यापन किया जा सके। प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में यादृच्छिक रूप से चयनित पांच (5) मतदान केन्द्रों की वीवीपैट पर्ची गणना का यह अनिवार्य सत्यापन, निर्वाचनों का संचालन नियम, (1961 के नियम 56 (घ) के उपबंधों के अतिरिक्त होगा।

(8) <u>ईवीएम और वीवीपैट में 'इनमें से कोई नहीं' (नोटा) का विकल्प</u>:

हमेशा की तरह, निर्वाचनों के लिए 'इनमें से कोई नहीं' का विकल्प होगा। बैलेट यूनिटों में अंतिम अभ्यर्थी के नाम के नीचे 'नोटा' विकल्प का बटन होगा ताकि वे निर्वाचक जो किसी भी अभ्यर्थी के लिए वोट नहीं देना चाहते वे 'नोटा' के सामने का बटन दबाकर अपने विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार से, डाक मतपत्रों पर भी अंतिम अभ्यर्थी के नाम के बाद नोटा पैनल भी होगा। नोटा पैनल के सामने निम्नलिखित रूप में नोटा प्रतीक मुद्रित होगा।

स्वीप के भाग के रूप में, इस विकल्प को मतदाताओं और अन्य सभी स्टेकहोल्डरों की जानकारी में लाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं।

(9) ईवीएम बैलेट पेपर पर अभ्यर्थियों की तस्वीर

अभ्यर्थियों की पहचान करने में मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए, ईसीआई ने

ईवीएम (बैलेट यूनिट) पर प्रदर्शित किए जाने वाले मतपत्र और पोस्टल बैलेट पेपर पर भी अभ्यर्थी की तस्वीर छापने के प्रावधान को जोड़कर एक अतिरिक्त उपाय निर्धारित किया है। यह उस स्थिति में किसी भी भ्रम से बचाने में मदद करेगा, जब समान या लगभग समान नामों वाले अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं। इस प्रयोजन के लिए अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार, रिटर्निंग ऑफिसर को अपना हाल का स्टैम्प साइज फोटोग्राफ प्रस्तुत करना आवश्यक है।

13. मतदान कार्मिकों की तैनाती और यादृच्छिकीकरणः

(क) मतदान दलों का गठन यादृच्छिक रूप से विशेष यादृच्छिकीकरण आईटी एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा।

(ख) पुलिस कार्मिक तथा होम गार्डों जिन्हें मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों में तैनात किया जाता है, के लिए भी ऐसा यादृच्छिकीकरण किया जाएगा।

(ग) कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए मतदान स्टॉफ के तृतीय यादृच्छिकीकरण के लिए समय 24 घंटे से बढ़ाकर 72 घंटे कर दिया गया है ताकि प्रेषण केन्द्रों पर मतदान स्टॉफ के बड़े जमावड़े से बचा जा सके। जहां तक व्यवहार्य हो, मतदान दलों के प्रेषण और उनकी अगवानी का कार्य विकेन्द्रीकृत एवं सांतरित तरीके से व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

14. अभ्यर्थियों के शपथ-पत्र

(1) <u>सभी कॉलम भरे जाने हैं:</u>

वर्ष 2008 की रिट याचिका संख्या (सी) 121 (रिसर्जेंस इंडिया बनाम भारत निर्वाचन आयोग और अन्य) में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित दिनांक 13 सितंबर 2013 के निर्णय, जिसमें अन्य बातों के साथ साथ रिटर्निंग अधिकारी के लिए 'यह जांच करना कि नामनिर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र भरे जाने के समय पर अपेक्षित सूचना (अभ्यर्थी द्वारा) पूर्णत: प्रदान की गई है या नहीं, अनिवार्य बनाया गया है, के अनुसरण में आयोग ने यह अनुदेश जारी किया है कि नामनिर्देशन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले शपथ-पत्र में अभ्यर्थियों के लिए यह अपेक्षित है कि वे सभी कॉलमों को भरें। शपथ-पत्र में यदि कोई कॉलम खाली छोड़ा जाता है तो रिटर्निंग ऑफिसर अभ्यर्थी को सभी कॉलम विधिवत रूप से भरे जाने के साथ संशोधित शपथ-पत्र दाखिल करने के लिए नोटिस जारी करेंगे। ऐसे नोटिस के उपरांत, अगर अभ्यर्थी सभी दृष्टियों से पूर्ण शपथ-पत्र दाखिल करने में असफल रहता है तो उसका नामनिर्देशन पत्र संवीक्षा के समय अस्वीकृत किया जा सकता है।

(2) <u>प्ररूप 26 में नाम निर्देशन प्ररूप और शपथ-पत्र में परिवर्तन</u>

दिनांक 16 सितंबर, 2016 और 07 अप्रैल, 2017 की अधिसूचना के तहत नामनिर्देशन प्ररूप 2ए और 2बी का भाग ।।। ए तथा नामनिर्देशन प्ररूप 2सी, 2डी और 2ई के भाग ।। को संशोधित किया गया है। दिनांक 26 फरवरी, 2019 की अधिसूचना के तहत प्ररूप 26 में शपथ पत्र को भी संशोधित किया गया है जिसमें (i) उन अभ्यर्थियों के लिए 'पैन' का अनिवार्य प्रकटन जिन्हें पैन आवंटित किया गया है या बिना पैन वाले अभ्यर्थी के लिए 'कोई पैन आवंटित नहीं' का स्पष्ट उल्लेख करने; (ii) अभ्यर्थी, उसके पति या पत्नी और एचयूएफ और आश्रितों के पिछले पांच वर्षों में दायर की

गई आयकर विवरणी में यथा घोषित कुल आय का विवरण; (iii) अभ्यर्थियों, उनके पति/पत्नी और आश्रितों द्वारा किसी विदेशी कंपनी/ट्रस्ट में लाभकारी हित सहित विदेशों में धारित परिसंपत्तियों (चल/अचल) का विवरण प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। संशोधित नाम निर्देशन प्ररूप और शपथ पत्र की प्रति आयोग की वेबसाइट http://eci.gov.in>menu>candidate nomiation & other Forms पर उपलब्ध है।

(3) <u>पर्यावरण अनुकूल निर्वाचन-</u>

आयोग काफी समय से सभी राजनैतिक दलों से उनके प्रचार अभियान उद्देश्यों के लिए केवल पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग करने के लिए कहता रहा है। इस संबंध में, आयोग ने दिनांक 26.02.2019 को पुन: अनुदेश दिया है कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के हित में सभी राजनैतिक दलों को निर्वाचनों के दौरान प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर आदि) के रूप में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने चाहिएं और आवश्यक उपाय करने चाहिए।

(4) <u>प्रचार समापन (साइलेंस) अवधि के संबंध में राजनैतिक दलों को परामर्श</u>-

आयोग ने सभी राजनैतिक दलों को यह निर्देशित करने के लिए बुलाया था कि वे अपने नेताओं और प्रचारकों को यह सुनिश्चित करने के अनुदेश दें कि वे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत यथा-विहित मीडिया के सभी रूपों पर प्रचार समापन (साइलेंस) अवधि का पालन करें और उनके नेता और कैडर ऐसा कोई कार्य न करें जिससे धारा 126 की भावना का उल्लंघन हो।

बहु-चरणीय निर्वाचनों में अंतिम 48 घंटों की प्रचार समापन (साइलेंस) अवधि कतिपय निर्वाचन क्षेत्रों में लागू रह सकती है जबकि अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार अभियान जारी रह सकता है। ऐसी स्थितियों में प्रचार समापन (साइलेंस) अवधि का पालन कर रहे निर्वाचन क्षेत्रों में दलों या अभ्यर्थियों के समर्थन हेतु कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संदर्भ नहीं दिया जाना चाहिए।

प्रचार समापन (साइलेंस) अवधि के दौरान स्टार प्रचारकों और अन्य राजनैतिक दलों को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से और निर्वाचन मामलों पर साक्षात्कार देकर मीडिया को संबोधित करने से बचना चाहिए।

15. आपराधिक मामलों वाले अभ्यर्थी-

आपराधिक पूर्ववृत्त वाले अभ्यर्थियों के लिए अपेक्षित है कि वे निर्वाचन-प्रचार अवधि के दौरान तीन अवसरों पर समाचार पत्रों में और टेलीविजन चैनलों के माध्यम से इस संबंध में सूचना प्रकाशित करें। जो राजनैतिक दल आपराधिक पूर्ववृत्त वाले अभ्यर्थियों को खड़ा करते हैं, उनके लिए भी अपेक्षित है कि वे अपने अभ्यर्थियों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में, अपनी वेबसाइट में और समाचार-पत्रों और टेलीविजन चैनल में भी, तीन अवसरों पर सूचना प्रकाशित करें।

आयोग ने दिनांक 16 सितंबर, 2020 के अपने पत्र सं. 3/4//2019/एसडीआर/खंड IV के जरिए यह निदेश दिया है कि प्रचार अभियान के दौरान प्रचार अवधि को निम्नलिखित तरीके से तीन खंडों में रखा जाएगा ताकि निर्वाचकों को अभ्यर्थियों के बारे में जानने का पर्याप्त समय मिले:

क. प्रथम प्रचार: अभ्यर्थिता वापसी के प्रथम चार दिनों के भीतर

ख. दूसरा प्रचार: अगले 5 से 8 दिनों के बीच

ग. तीसरा प्रचार: 9वें दिन से प्रचार अभियान के अंतिम दिन तक (मतदान के दिन से पहले दो दिन तक)

(व्याख्या: यदि अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि महीने का 10वां दिन है और मतदान महीने के 24वें दिन है तो घोषणा प्रकाशन के लिए पहला खंड महीने के 11वें से 14वें दिन के बीच किया जाएगा, दूसरा और तीसरा क्रमश: महीने के 15वें और 18वें दिन के बीच और 19वें और 22वें दिन के बीच किया जाएगा।)

यह अपेक्षा वर्ष 2015 की रिट याचिका (सिविल) सं. 784 (लोक प्रहरी बनाम भारत संघ और अन्य) में और वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसरण में है।

16. आपराधिक मामलों से जुड़े अभ्यर्थी खड़े करने वाले राजनैतिक दल -

यह पुन: दोहराया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13.02.2020 के आदेश के अनुपालन में राजनैतिक दलों (केंद्र और राज्य के निर्वाचन स्तर पर) के लिए अनिवार्य है कि वे अपनी वेबसाइट पर लंबित आपराधिक मामलों वाले उन व्यक्तियों (अपराधों की प्रकृति और संगत विवरणों जैसे कि आरोपों को तय कर दिया गया या नहीं, संबंधित न्यायालय और मामला सं. आदि सहित) के बारे में विस्तृत जानकारी अपलोड करें, जिन्हें अभ्यर्थी के रूप में चुना गया है, साथ ही ऐसे चयन के कारण भी बताएं कि आपराधिक पूर्ववृत्त रहित अन्य व्यक्तियों का चयन अभ्यर्थी के रूप में क्यों नहीं किया जा सकता था। चयन के लिए कारण संबंधित अभ्यर्थियों की योग्यता, उपलब्धियों और गुणों के संदर्भ में होंगे, न कि निर्वाचन में "जीत हासिल करने" की योग्यता होनी चाहिए।

यह जानकारी निम्न माध्यमों में भी प्रकाशित की जाएगी:

क. एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र और एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में;

(क) राष्ट्रीय समाचार पत्र - कोई भी दैनिक समाचार पत्र जो निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करता है:

1. सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रिकॉर्ड में डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के अनुसार 75000 से अधिक सर्कुलेशन वाला कम से कम एक संस्करण।
2. एक से अधिक राज्यों में संस्करण, जो डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरों ऑफ सर्कुलेशन के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रिकॉर्ड में परिलक्षित होता हो।

(ख) स्थानीय देशी भाषा का समाचार पत्र - कोई भी दैनिक समाचार पत्र जो निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करता है:

1. सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रिकॉर्ड में डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन द्वारा यथा उल्लिखित, स्थानीय देशी भाषा में, कम से कम 25,000 सर्कुलेशन वाला, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के भौगोलिक क्षेत्र के भीतर प्रकाशित कम से कम एक संस्करण। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यदि आवश्यक समझे तो अरुणाचल प्रदेश, गोवा,

मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा राज्यों में और दिल्ली और चंडीगढ़ को छोड़कर सभी संघ राज्य क्षेत्रों में, निम्नतर सर्कुलेशन स्तर जो 15,000 से नीचे न हो, नियत कर सकते हैं।

2. संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के डीआईपीआर के साथ पंजीकृत, और उससे विज्ञापन प्राप्त करने के लिए पात्र।
3. प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्थानीय देशी भाषाओं की सूची राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सीईओ द्वारा निर्दिष्ट की जाएगी, जो यदि आवश्यक समझे तो इस मामले में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के डीआईपीआर से सलाह ले सकते हैं।

ख. फेसबुक और ट्विटर सहित राजनैतिक पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर।

ये विवरण उम्मीदवार के चयन के 48 घंटे के भीतर या नामांकन दाखिल करने की पहली तारीख से दो सप्ताह से अनधिक की अवधि, इनमें से जो भी पहले हो, में प्रकाशित किए जाएंगे। तब संबंधित राजनैतिक दल उक्त उम्मीदवार के चयन के 72 घंटे के भीतर निर्वाचन आयोग को इन निर्देशों के अनुपालन की एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। यदि कोई राजनैतिक दल निर्वाचन आयोग को इस तरह की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो निर्वाचन आयोग इस प्रकार के गैर-अनुपालन को न्यायालय के आदेशों/निदेशों की अवमानना मानते हुए इसे उच्चतम न्ययायालय की जानकारी में लाएगा। आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध पत्र सं. 3/4/2020/एसडीआर/ खंड III दिनांक 6 मार्च, 2020 के माध्यम से जारी आयोग के दिशानिर्देशों को देखा जा सकता है।

17. अनुपस्थित मतदाताओं के लिए वैकल्पिक डाक मतपत्र की सुविधा-

निर्वाचन का संचालन नियमावली, 1961 के नियम 27क में 22.10.2019 और 19.06.120 की अधिसूचनाओं के माध्यम से संशोधन किया गया है। उक्त दो संशोधनों से "अनुपस्थित मतदाता" डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने के पात्र बन गए हैं। "अनुपस्थित मतदाता" को निर्वाचनों का संचालन नियमावली, 1961 के नियम-27 क के खंड (कक) में परिभाषित किया गया है और इसमें आवश्यक सेवाओं में नियोजित व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, और सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित कोविड-19 के संदिग्ध या प्रभावित व्यक्ति शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60(ग) के तहत केंद्र सरकार के परामर्श से अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी अधिसूचित की गई है। यह नोट किया जा सकता है कि निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 27क के खंड (ङ) के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों का अर्थ अनुपस्थित मतदाताओं के वर्ग से संबंधित ऐसे निर्वाचक से है जिसकी आयु 65 से अधिक हो। तथापि, आयोग ने 16 जुलाई, 2020 के प्रेस नोट के तहत हाल ही संपन्न बिहार विधान सभा के साधारण निर्वाचन और उप-निर्वाचनों में उन निर्वाचकों को वैकल्पिक डाक मतपत्र की सुविधा न दिए जाने का निर्णय लिया है जिनकी आयु 80 वर्ष से कम है।

वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन और कोविड -19 संदिग्ध या प्रभावित व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: -

1) डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने की इच्छा रखने वाले अनुपस्थित मतदाता को

संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) को फॉर्म -12घ में सभी विवरण प्रदान करते हुए आवेदन करना है। पोस्टल बैलेट सुविधा चाहने वाला ऐसा आवेदन निर्वाचन की घोषणा की तारीख से संबंधित चुनाव की अधिसूचना की तारीख से पांच दिन बाद तक की अवधि के दौरान रिटर्निंग अधिकारी तक पहुंचना चाहिए।

2) डाक मतपत्र का विकल्प चुनने वाले दिव्यांगजन की श्रेणी (एवीपीडी) से संबंधित अनुपस्थित मतदाताओं के मामले में, आवेदन (फॉर्म 12घ) के साथ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत संबंधित समुचित सरकार द्वारा निर्दिष्ट बेंचमार्क विकलांगता प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न होनी चाहिए।

3) बीएलओ द्वारा फॉर्म 12घ का वितरण:

   क) बीएलओ, पोलिंग स्टेशन क्षेत्र में आरओ द्वारा प्रदान किए गए विवरण के अनुसार एवीएससी, एवीपीडी और एवीसीओ की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के घरों का दौरा करेंगे और संबंधित निर्वाचकों को प्रपत्र 12 घ वितरित करेंगे और उनसे पावती प्राप्त करेंगे।

   ख) बीएलओ निर्वाचकों से प्राप्त सभी पावतियों को आरओ के पास जमा करेगा।

   ग) यदि कोई निर्वाचक उपलब्ध नहीं है, तो बीएलओ अपने संपर्क विवरण साझा करेगा और अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर उसे एकत्र करने के लिए फिर से दौरा करेगा।

   घ) निर्वाचक पोस्टल बैलट का विकल्प चुन सकता है या नहीं भी चुन सकता है। यदि वह पोस्टल बैलट का विकल्प चुनता है, तो बीएलओ अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर निर्वाचक के घर से भरे हुए फॉर्म -12घ को एकत्रित करेगा और उसे रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करेगा।

   ङ) सेक्टर अधिकारी आरओ के समग्र पर्यवेक्षण के तहत बीएलओ द्वारा फॉर्म 12 घ के वितरण और संग्रह की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

4) इसके अलावा, आरओ उन सभी दिव्यांगजन और 80+ निर्वाचकों की सूची मुद्रित हार्डकॉपी में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों के साथ साझा करेगा, जिनके डाक मतपत्र की सुविधा का लाभ उठाने के लिए फॉर्म 12घ के आवेदन उनके द्वारा अनुमोदित किए गए हैं, ।

ये सभी विवरण ईसीआई के अनुदेश दिनांक 02 फरवरी, 2021 में पहले से ही शामिल हैं, जो eci.gov.in पर उपलब्ध है।

18. जिला, विधान सभा और बूथ स्तरीय निर्वाचन प्रबंधन योजना-

निर्वाचनों के संचालन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को एस.एस.पी./एस.पी. तथा सेक्टर अधिकारियों के परामर्श से रूट योजना और संचार योजना सहित व्यापक जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा गया है। इन योजनाओं की पुनरीक्षा प्रेक्षकों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के विद्यमान अनुदेशों के अनुसार अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता एवं मैपिंग को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

19. संचार योजना -

आयोग निर्वाचनों के सुचारू संचालन के लिए जिला/निर्वाचन-क्षेत्र स्तर पर एक उपयुक्त संचार योजना बनाने और उसका क्रियान्वयन करने और मतदान के दिन समवर्ती हस्तक्षेप और मध्यकालिक संशोधन करने को बहुत महत्व देता है। उक्त प्रयोजन के लिए आयोग ने बिहार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निदेश दिया है कि वे राज्य मुख्यालयों में दूरसंचार विभाग के अधिकारियों, बीएसएनएल/एमटीएनएल के प्राधिकारियों, राज्य के अन्य अग्रणी सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय करें ताकि राज्य में नेटवर्क स्थिति का आकलन किया जा सके और संचार शैडो क्षेत्रों की पहचान की जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को यह सलाह भी दी गई है कि वे राज्य में सर्वश्रेष्ठ संचार योजना तैयार करें तथा सैटेलाइट फोन, वायरलेस सेट, विशेष रनर्स आदि उपलब्ध कराते हुए संचार शैडो क्षेत्रों में उपयुक्त वैकल्पिक प्रबंध करें।

20. आदर्श आचार संहिता-

निर्वाचन के लिए कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) तत्काल प्रभाव से लागू हो जाती है। आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानअसम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी राज्य में सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों और सरकारों के संदर्भ में लागू हो जाएंगे। यह आदर्श आचार संहिता संघ सरकार पर भी लागू होगी, जहां तक इसका संबंध असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी के संबंध में/के लिए घोषणाएं करने/नीतिगत निर्णय लिए जाने से है।

आयोग ने एमसीसी दिशा-निर्देशों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्थाएं की है। इन दिशा-निर्देशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन से कड़ाई से निपटा जाएगा और आयोग इस बात पर पुन: जोर देता है कि इस बारे में समय-समय पर जारी अनुदेशों को सभी राजनैतिक दलों, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं/प्रतिनिधियों द्वारा पढ़ा व समझा जाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की भ्रांति या सूचना या समझ/व्याख्या में कमी से बचा जा सके। निर्वाचन करवाए जाने वाले राज्यों की सरकारों को यह भी निदेश दिए गए हैं कि वह यह सुनिश्चित करे कि आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सरकारी तंत्र/पद का दुरुपयोग न हो।

आयोग ने निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के शुरुआती 72 घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रवर्तन के लिए त्वरित, प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई करने के लिए भी और मतदान की समाप्ति से पूर्व आखिरी 72 घंटों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और सख्त प्रवर्तन कार्रवाई करने के लिए भी अनुदेश जारी किए हैं। ये अनुदेश फील्ड निर्वाचन तंत्र द्वारा अनुपालन के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के रूप में जारी किए गए हैं।

21. वीडियोग्राफी/वेबकास्टिंग/सीसीटीवी कवरेज-

सभी महत्वपूर्ण आयोजनों की वीडियोग्राफी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में वीडियो और डिजीटल कैमरे और कैमरा टीमों की व्यवस्था करेंगे। वीडियोग्राफी किए जाने वाले आयोजनों में नामनिर्देशन पत्र दाखिल करना और उनकी संवीक्षा करना और प्रतीकों का आबंटन, प्रथम स्तरीय जांच, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को तैयार करना और उनका

भंडारण, निर्वाचन-अभियान के दौरान महत्वपूर्ण सार्वजनिक बैठकें, जुलूस आदि, डाक मतपत्रों के प्रेषण की प्रक्रिया, अभिचिह्नित संवेदनशील मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया, मतदान में प्रयुक्त ईवीएम एवं वीवीपैट का भंडारण, मतों की गणना आदि शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रभावी अनुवीक्षण और निगरानी करने के लिए महत्वपूर्ण सीमा चैक पोस्टों और स्थैतिक जांच बिन्दुओं पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, आयोग ने निदेश दिए हैं कि संवेदनशील मतदान बूथों और संवेदनशील क्षेत्रों में मतदान बूथों के भीतर, मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता भंग किए बिना, मतदान दिवस पर कार्यवाहियों की बारीकी से जांच करने के लिए वेबकास्टिंग, सीसीटीवी कवरेज, वीडियोग्राफी और डिजीटल कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाएगी।

25 फरवरी 2021 को आयोग ने निदेश दिया है कि महत्वपूर्ण निर्वाचन केंद्रों और संवेदनशील क्षेत्रों के सभी निर्वाचन केंद्रों में अथवा सहायक निर्वाचन केंद्रों सहित कुल निर्वाचन केंद्रों में से कम से कम 50 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, मे वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जाएगी।

22. लोक उपद्रव को रोकने के उपाय-

आयोग ने निदेश दिया है कि निर्वाचन की घोषणा की तारीख से शुरू होने वाली और निर्वाचन-परिणामों की घोषणा के साथ समाप्त होने वाली सम्पूर्ण निर्वाचन अवधि के दौरान निर्वाचन-प्रचार प्रयोजनों हेतु सार्वजनिक बैठकों के लिए सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली या लाउडस्पीकर या किसी भी ध्वनि एम्पलीफायर, चाहे किसी भी प्रकार के वाहनों पर फिट किए गए हों, या स्थैतिक स्थिति में हों, का रात्रि में अप. 10.00 बजे से पूर्वा. 6.00 बजे के बीच प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, किसी भी मतदान-क्षेत्र में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी तरह के वाहनों पर फिट किए गए या किसी भी अन्य तरीके से लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

23. कानून और व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा बलों की तैनाती-

निर्वाचनों के संचालन में विस्तृत सुरक्षा प्रबंधन शामिल होता है जिसमें न केवल मतदान कर्मियों, मतदान केन्द्रों तथा मतदान सामग्री की सुरक्षा शामिल है, अपितु इसमें मतदान प्रक्रिया की समग्र सुरक्षा भी शामिल है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय तरीके से निर्वाचनों के सुचारू संचालन हेतु शांतिपूर्ण एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की तैनाती स्थानीय पुलिस बलों के अनुपूरक के रूप में की जाती है।

जमीनी स्थिति के आकलन के आधार पर, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और अन्य राज्यों से ली गई राज्य सशस्त्र पुलिस (एसएपी) की इन निर्वाचनों के दौरान तैनात की जाएगी। क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने, संवेदनशील पॉकेटों में रूट मार्च करने, प्वाइंट पेट्रोलिंग करने तथा मतदाताओं, विशेषकर कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यकों आदि को आश्वस्त करने तथा उनके मन में विश्वास जगाने के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की पहले से ही तैनाती की जाएगी। इलाके से भली-भांति अवगत होने और स्थानीय बलों के साथ तालमेल स्थापित करने हेतु केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती समय से कर दी जाएगी तथा इन क्षेत्रों में मूवमेंट, प्रवर्तन कार्यकलापों आदि के लिए

अन्य सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाएगा। विभिन्न पक्षों के परामर्श से असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जमीनी वास्तविकताओं के आकलन के आधार पर व्यय संवेदनशील निर्वाचन-क्षेत्रों तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण मतदान केन्द्रों में भी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/एसएपी की तैनाती की जाएगी। मतदान-दिवस की पूर्व-सन्ध्या पर, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/एसएपी संबंधित मतदान केन्द्रों में पोजिशन ले लेंगे और उन्हें नियंत्रण में ले लेंगे तथा वे मतदान के दिन मतदान केन्द्रों की सुरक्षा करने तथा निर्वाचकों एवं मतदान कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होंगे। इसके अलावा, इन बलों का उन स्ट्राँग रूमों की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जहां ईवीएम एवं वीवीपैट का भंडारण किया जाता है। इनका मतगणना केन्द्रों की सुरक्षा के लिए और जरूरत पड़ने पर अन्य प्रयोजनों के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा। विधान सभा खंडों में बलों की संपूर्ण तैनाती आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों के पर्यवेक्षणाधीन होगी।

राज्य पुलिस पदाधिकारी और सीपीएफ का इष्टतम तथा प्रभावकारी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने निदेश दिया है कि सीईओ, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और राज्य सीपीएफ की एक समिति मिलकर निर्वाचन सुरक्षा योजना तय करने और राज्य पुलिस एवं सीपीएफ का यादृच्छिकीकरण सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करेंगे।

24. अ.जा./अ.ज.जा. तथा अन्य कमजोर वर्गों के निर्वाचकों को सुरक्षा प्रदान करना-

